# SWAYATT पहल

[स्रोत: पी.आई.बी.](#).

## चर्चा में क्यों?

**गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM)** द्वारा स्टार्ट-अप्स, वीमेन एंड यूथ एडवांटेज थ्रू ई-ट्रांज़ैक्शन (SWAYATT) पहल की छठी वर्षगाँठ मनाई गई।

## SWAYATT पहल क्या है?

- **परिचय:** इसे महिला उद्यमियों, युवाओं, स्टार्टअप्स**, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (MSEs) और स्वयं सहायता समूहों (SHGs) की बाज़ार पहुँच बढ़ाने** के क्रम में **वर्ष 2019** में **शुरू** किया गया था।
  - यह बाजार पहुँच और विकास के क्रम में GeM का लाभ उठाने हेतु**प्रशिक्षण, पंजीकरण और** क्षमता निर्माण के माध्यम से **विक्रेता समावेशन** को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
- **उपलब्धियाँ:**
  - **महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों और स्टार्टअप्स** में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो कि इसकी शुरुआत के समय 6,300 महिला नेतृत्व वाले MSEs एवं 3,400 स्टार्टअप्स से बढ़कर 1,77,786 MSEs तक पहुँच गई है।
    - महिलाओं द्वारा संचालित व्यवसाय अब GeM के विक्रेता आधार का **8% हिस्सा** हैं।
  - GeM द्वारा **बाज़ार पहुँच, वित्त और मूल्य संवर्द्धन** से जुड़ी चुनौतियों का समाधान किया गया है और इसे स्टार्टअप्स से **35,950 करोड़ रुपए** के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं।
    - इसका उद्देश्य **महिला उद्यमियों की संख्या** को दोगुना करने एवं उनकी खरीद हिस्सेदारी **(वर्तमान में 3.78%) को बढ़ाने के साथ DPIIT-पंजीकृत 1 लाख स्टार्टअप** को शामिल करना है।
    - इसका उद्देश्य **उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग** द्वारा पंजीकृत **1 लाख स्टार्टअप्स** को शामिल करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ **महिला उद्यमियों की संख्या को दोगुना** करने और देश की कुल खरीद में उनकी हिस्सेदारी को **मौजूदा 3.78 प्रतिशत** से बढ़ाना है।
  - **9,500 से अधिक महिला उद्यमियों को** प्रशिक्षित करने और शामिल करने, प्रत्यक्ष बाज़ार संपर्क सुनिश्चित करने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिये **GeM और FICCI महिला संगठन (FICCI-FLO)** के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।
  - सरकारी खरीदारों के बीच स्टार्टअप, महिला उद्यमियों और युवाओं की व्यापक दृश्यता सुनिश्चित करने के लिये **"स्टार्टअप रनवे" और "वुमनिया" स्टोरफ्रंट** को शामिल किया गया है।

## गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) क्या है?

- **GeM** केंद्र एवं राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा संबद्ध संस्थाओं के लिये वस्तुओं और सेवाओं की खरीद हेतु**सार्वजनिक खरीद पोर्टल** है।
  - यह **भारत के राष्ट्रीय खरीद पोर्टल** के रूप में कार्य करता है।
- इसकी स्थापना वर्ष **2016 में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय (DGS&D)** के तहत **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (MeitY)** के तकनीकी सहयोग से की गई थी।
- यह एक **कागज रहित, नकदी रहित और प्रणाली-संचालित** मंच है, जो सार्वजनिक खरीद में **मानवीय हस्तक्षेप** को न्यूनतम करता है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***□□□□□□□□□□:***

**प्रश्न. विनिर्माण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार की हाल की नीतिगत पहल क्या है/हैं? (2012)**

1. राष्ट्रीय निवेश और विनिर्माण क्षेत्र की स्थापना
2. 'सिंगल विंडो क्लीयरेंस' का लाभ प्रदान करना
3. प्रौद्योगिकी अधिग्रहण और विकास कोष की स्थापना

**नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन समावेशी विकास के सरकार के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में सहायता कर सकता है? (वर्ष 2011)**

1. स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना
2. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देना
3. शिक्षा का अधिकार अधिनियम को लागू करना

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(A) केवल 1
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2 और 3
(D) 1, 2 और 3

**उत्तर: (D)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swayatt-initiative-1